<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 07.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. घाटशिला उपचुनाव की घोषणा के साथ ही सियासी हलचल तेज, आज होगी एनडीए की बैठक, झामुमो ने 15 अक्तूबर को बुलाई केन्द्रीय समिति की बैठक।
2. बिहार विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर आज पटना में झामुमो नेताओं की राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ बैठक, सात सीटों पर दावा।
3. सारंडा वन को अभ्यारण्य बनाने के मामले की कल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव अविनाश कुमार दिल्ली में, ली जा रही है कानूनी राय।
4. रांची समेत राज्य के ज्यादातर जिलों में 9 अक्तूबर तक बारिश के आसार, मौसम विभाग ने 10 अक्तूबर से मौसम साफ होने के जताया पूर्वानुमान।
5. केन्द्रीय विश्वविद्यालय झारखंड में खेलोत्सव पुरस्कार समारोह का आयोजन, 300 से ज्यादा खिलाड़ियों को किया जा रहा है सम्मानित।

****

घाटशिला उपचुनाव की घोषणा के साथ ही पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी करण सत्यार्थी ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में 11 नवंबर को होने वाले मतदान में 2 लाख 55 हजार 823 मतदाता हिस्सा ले सकेंगे। इनमें 1 लाख 24 हजार 899 पुरुष और 1 लाख 30 हजार 921 महिला मतदाता हैं। चुनाव के मद्देनज़र प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर भी कड़े इंतज़ाम किए हैं। पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस की सख्त निगरानी रहेगी।

****

घाटशिला उपचुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य में सियासी हलचल भी तेज हो गयी है। इस सिलसिले में आज रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में एनडीए की बैठक बुलायी गयी है। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहु के अलावा आजसू पार्टी से सुदेश महतो और जदयू विधायक सरयू राय शामिल हो सकते हैं।

****

उधर, मुख्यमंत्री और झामुमो के केन्द्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने घाटशिला उपचुनाव के सिलसिले में 15 अक्तूबर को रांची के हरमू स्थित सोहराय भवन में पार्टी की केन्द्रीय समिति की बैठक बुलायी है। बैठक में उपचुनाव को लेकर रणनीति बनाने पर चर्चा होगी।

****

झामुमो की नजर बिहार विधानसभा चुनाव पर भी है। इस सिलसिले में आज पटना में सीट शेयरिंग पर झामुमो नेताओं की राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ बैठक होगी। बैठक में झामुमो की ओर से मंत्री सुदिव्य कुमार और पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय शामिल होंगे। झामुमो के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी को उचित भागीदारी मिलेगी।

इस पर प्रदेश भाजपा ने झामुमो पर तंज कसा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि बिहार में गठबंधन के नेताओं ने झामुमो को कोई तरजीह नहीं दी है।

****

सारंडा को वन्य जीव अभ्यारण्य घोषित करने पर कल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। इसे लेकर राज्य के अधिकारी रांची से दिल्ली तक कानूनी राय ले रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव अविनाश कुमार पिछले दो दिनों से दिल्ली में हैं और वहां भी वे विधिक परामर्श ले रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कल होने वाली सुनवाई में मुख्य सचिव को सशरीर उपस्थित रहने का आदेश दिया है।

****

प्रधानमंत्री मोदी ने शासनाध्यक्ष के रूप में देश की सेवा के 25वें साल में प्रवेश करने पर लोगों का आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने भरोसे और स्नेह के लिए लोगों को धन्यवाद भी दिया है। उन्होंने कहा कि देश की सेवा करना उनके लिए सबसे सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में पिछले 11 वर्षों में उल्लेखनीय बदलाव आया है।

****

खूंटी की दो नाबालिग जनजातीय बच्चियों को दिल्ली पुलिस की थर्ड बटालियन और झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वासन संसाधन केंद्र की टीम ने रेस्क्यू कर खूंटी सीडब्ल्यूसी को सुपुर्द किया है। दोनो नाबालिग बच्चियां को खूंटी के एक मानव तस्कर ने दिल्ली में बेच दिया था और वे नौकरानी का काम कर रही थी। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अल्ताफ खान ने बताया कि जांच के बाद बच्चियों को परिजनो के सुपुर्द कर दिया गया है।

****

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत खूंटी जिले के आदिवासी एवं आदिम जनजाति बहुल गांवों में लगातार विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

****

घरेलू शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 200 अंक बढ़कर 81 हजार 988 पर और निफ्टी 49 अंक बढ़कर 25 हजार 126 पर पहुंच गया था।

****

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 12 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 57 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

रांची सहित राज्य के ज्यादातर जिलों में 9 अक्टूबर तक बारिश के आसार बने हुए हैं। 8 अक्टूबर को राज्यभर में वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 10 अक्तूबर से रांची सहित अधिकांश जिलों में मौसम साफ होने लगेगा।

****

केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड के खेल विंग की ओर से आज खेलोत्सव पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास की अध्यक्षता में हो रहे इस समारोह में करीब 300 प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है।

****